पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

प्रधान कार्यालयः प्लाट सं. 4, सेक्टर–10 द्वारका, नई दिल्ली–110 075
ईमेलः grc@pnb.co.in

सूचना

पंजाब नैशनल बैंक के साथ ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का समामेलन

क. शेयर विनिमय अनुपात के संबंध में आपत्तियों के निवारण के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन

यह बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 / 1980 की धारा 9 के अंतर्गत 04 मार्च, 2020 को अधिसूचित पंजाब नैशनल बैंक (**"अंतरिती बैंक"**) के साथ ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (**"अंतरक बैंक 1"**) एवं यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (**"अंतरक बैंक 2"**) (**सामूहिक रूप से "संबंधित बैंक"**) के समामेलन की योजना (**"समामेलन की योजना"**) के संबंध में है। प्रत्येक संबंधित बैंक के बोर्ड ने 05 मार्च, 2020 को अपनी संबंधित बैठकों में निम्नलिखित शेयर विनिमय अनुपात को अनुमोदित किया है, जो संबंधित बैंकों के बोर्ड के मतानुसार उचित और न्यायसंगत है (**"शेयर विनिमय अनुपात"**):

क. ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के ₹ 10/– प्रत्येक के 1000 इक्विटी शेयर के लिए पंजाब नैशनल बैंक के ₹ 2/– प्रत्येक के 1150 इक्विटी शेयर।

ख. यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के ₹ 10/– प्रत्येक के 1000 इक्विटी शेयर के लिए पंजाब नैशनल बैंक के ₹ 2/– प्रत्येक के 121 इक्विटी शेयर।

समामेलन की योजना के अनुसरण में एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। एक शेयरधारक जो या तो (क) वैयक्तिक या सामूहिक रूप से किसी भी संबंधित बैंक की कुल इक्विटी शेयर पूंजी का कम–से–कम 1% (एक प्रतिशत) का धारक है या (ख) संबंधित बैंक के 100 (एक सौ) शेयरधारक जो सामूहिक रूप से विचार रखते हैं, वे शेयर विनिमय अनुपात के संबंध में निर्धारित प्रारूप (वेबसाइट **https://www.pnbindia.in/Amalgamation.html** पर उपलब्ध करवाया गया है) में अपनी (यदि कोई हो) आपत्ति लिखित रूप में विधिवत हस्ताक्षर के साथ निम्नलिखित पते पर 12 मार्च, 2020 को सायं 5 बजे तक प्रस्तुत करने के लिए पात्र हैं।

अध्यक्ष, शिकायत निवारण समिति, मार्फत पंजाब नैशनल बैंक
प्रधान कार्यालय, प्रथम तल, पूर्वी विंग, शेयर विभाग, वित्त प्रभाग,
प्लाट सं. 4, सेक्टर–10 द्वारका, नई दिल्ली–110075
ईमेलः grc@pnb.co.in

ख. रिकॉर्ड तिथि

समामेलन की योजना के अनुसरण में पंजाब नैशनल बैंक के निदेशक मंडल ने उपर्युक्त उल्लिखित बैठक में पंजाब नैशनल बैंक (अंतरिती बैंक) के इक्विटी शेयर ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स एवं यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (अंतरक बैंक) के शेयरधारकों को शेयर विनिमय अनुपात में आवंटित करने हेतु बुधवार दिनांक 25, मार्च, 2020 को रिकॉर्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया है।

अंतरक बैंक के वे शेयरधारक, जो अपने (क) शेयर को ट्रान्सफर करने, अथवा (ख) अपने पंजीकृत पते आदि में परिवर्तन करना चाहते हैं, वे अपना अनुरोध रिकॉर्ड तिथि को अथवा उससे पूर्व निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार एवं ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए) अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. (अंतरक बैंक के आरटीए) को भेजें:

ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के लिए:
लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि.
नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लाट एनएच 2 सी-1, ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के निकट जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
दूरभाष सं.- 011–41410592
फैक्स सं.- 011–41410591
ईमेलः delhi@linkintime.co.in

यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के लिए:
लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि.
वैष्णों चैम्बर, पाँचवां तल, रूम नं. 502 एवं 503, 6 ब्रेबॉर्न रोड़
कोलकाता - 700 001
फोन - 033 4004 9728/033 4073 1698
टैलीफैक्स - 033 4073 1698
ईमेलः kolkata@linkintime.co.in

रिकॉर्ड तिथि के पश्चात् अंतरक बैंक के इक्विटी शेयर संबंधी समस्त पत्राचार अंतरिती बैंक के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अर्थात् बीटल फाइनेंसियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए–

बीटल फाइनेंसियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.
बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर,
लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे,
दादा हरसुखदास मंदिर के निकट, नई दिल्ली–110062
ईमेलः **beetal@beetalfinancial.com**
दूरभाष सं.–011–29961281–83, फैक्स सं.–011–29961284

योजना के खंड 6(2)(i) के अनुसार अंतरक बैंकों के कोई शेयरधारक जो खंडात्मक शेयर के पात्र हैं, यदि कोई है, तो उन्हें ऐसे खंडात्मक शेयरों से उत्पन्न होने वाली राशि निक्षेपागार से उपलब्ध करवाए गए डाटा के अनुसार या अंतरक बैंक के आरटीए के साथ पंजीकृत उनके बैंक खाते में सीधे क्रेडिट की जाएगी या उनके पंजीकृत पते पर वारंट भेजा जाएगा।

स्टॉक एक्सचेंज के साथ किये गए समझौते के नियमानुसार, रिकॉर्ड तिथि के अनुसरण में अंतरक बैंकों की इक्विटी शेयर के व्यापार पर बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा रोक लगा दी जाएगी।

योजना के साथ रिकॉर्ड तिथि की सूचना बैंक की वेबसाइट अर्थात् **https://www.pnbindia.in** बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**) तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**www.nseindia.com**) जहाँ बैंकों के शेयर सूचीबद्ध हैं के साथ ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स की वेबसाइट (**https://www.obcindia.co.in**) एवं यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट (**https://www.unitedbank.co.in**) पर भी उपलब्ध है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 05.03.2020

महाप्रबंधक
वित्त प्रभाग, पंजाब नैशनल बैंक